दिनांक : 21.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर में अमर जवान ज्योति से राज्य स्तरीय मैराथन को रवाना कियां इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने के लिए काम कर रही हैं युवाओं को प्रदेश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आना चाहिएं युवा मामले और खेल विभाग की ओर से सभी जिला मुख्यालयों पर इस रन का आयोजन किया गयां इससे पहले मुख्यमंत्री ने अल्बर्ट हॉल से ″रन फॉर जयपुर″ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां इस मौके पर श्री शर्मा ने सभी प्रतिभागियों से अनिवार्य रूप से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की बात कहीं उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही दुर्घटना का कारण बन सकती हैं इसलिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी हैं

.....................................................

मौजूदा प्रदेश सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरा होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जयपुर में राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद भी रखा गया हैं इसमें मुख्यमंत्री श्री शर्मा राजीविका की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लखपति दीदियों से बातचीत करेंगें इस मौके पर लखपति दीदियों को टेबलेट भी वितरित किये जाएंगें

.....................................................

आज विश्व ध्यान दिवस हैं संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पिछले साल 21 दिसम्बर को ′विश्व ध्यान दिवस′ की घोषणा की थीं ये तारीख उत्तरी गोलार्ध में शीतकालीन संक्रांति को ध्यान में रखते हुए चुनी गई है, जो आत्मनिरीक्षण और आंतरिक शांति का प्रतीक हैं इस बीच, न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ″वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यान″ विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गयां इसमें दुनियाभर के राजनयिकों, योग प्रशिक्षकों और यूएन के अधिकारियों ने भाग लियां इधर, प्रदेश में भी विश्व ध्यान दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम रखे गयें जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने अजमेर में जे.एल.एन. मेडिकल कॉलेज में आयोजित ध्यान सत्र में भाग लियां कार्यक्रम में तनाव प्रबंधन और ध्यान का प्रशिक्षण दिया गयां पाली के सुमेरपुर में भी विशेष कार्यक्रम रखा गयां

.....................................................

सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स को लेकर अजमेर दरगाह में तैयारियां पूरी की जा रही हैं इसके लिए दुनियाभर से ज़ायरीन के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया हैं अकीदतमंदों के लिए जन्नती दरवाज़ा खोल दिया गया हैं उर्स कन्वीनर सैयद हसन हाशमी ने बताया कि रजब का चांद दिखाई देने पर आज से उर्स की औपचारिक शुरूआत होगीं

.....................................................

पाली में आज से रणकपुर जवाई बांध महोत्सव की शुरूआत हुईं जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित दो दिन के इस उत्सव में स्थानीय नागरिकों के साथ ही बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी भी शामिल हो रहे हैं उत्सव के दौरान रणकपुर मंदिर में दीपोत्सव रखा गया हैं इसके अलावा हस्तशिल्प प्रदर्शनी, जीप सफारी, पतंगबाजी, पैरा सेलिंग, हॉट एयर बैलूनिंग सहित कई रोचक प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक संध्या रखी गई हैं

.....................................................

प्रदेश में कई स्थान घने कोहरे की चपेट में हैं हालांकि तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर बना हुआ हैं बीते 24 घंटों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी दर्ज हुई हैं मौसम विभाग के अनुसार सबसे कम 7 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान चित्तौड़गढ़ में रहां वहीं सीकर के फतेहपुर में रात का पारा बढ़कर 8 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस पर जा पहुंचां बारां, दौसा, चूरू, श्रीगंगानगर और सिरोही में भी रात के तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी रिकॉर्ड हुई हैं

.....................................................

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण उड़ान संचालनों में हो रही देरी और बदलाव को देखते हुए एडवाइजरी जारी की हैं इसमें सड़क, रेल और हवाई यातायात में संभावित रुकावटों के बारे में लोगों को सतर्क किया गया हैं सोशल मीडिया पोस्ट में बताया गया है कि स्थिति को देखते हुए यात्री सचेत रहें और अतिरिक्त समय लेकर चलें

......................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले रविवार को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगीं

......................................................